आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

## मुख्य समाचार

- संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित–मानव कल्याण में उनके योगदान को किया गया याद।
- मुख्यमंत्री ने पांगी घाटी में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास–सौर ऊर्जा संयंत्र पर पांच फीसदी ब्याज उपदान का ऐलान।
- 78वां हिमाचल दिवस कल– पांगी घाटी के किलाड़ में होगा राज्य स्तरीय समारोह।
- अग्निशमन सप्ताह आज से शुरू– आग से सुरक्षा के तरीकों व बचाव की दी जा रही है जानकारी।

## भीमराव अंबेदकर

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की आज 134वीं जयंती है। इस मौके पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित कर भीमराव आंबेडकर को श्रद्धाजंलि दी गई और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। शिमला के चौड़ा मैदान में आंबेडकर चौक पर हुए मुख्य समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान निर्माण और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए योगदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी में भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा और आज़ादी के बाद उन्होंने संविधान का निर्माण कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

## सीएम जयंती

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर के उपायुक्त कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने सारी उम्र गरीबों व वंचितों के उत्थान के लिए कार्य किया और संविधान का निर्माण कर सभी देशवासियों को एक समान अधिकार प्रदान किए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 38 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें लगभग 5 करोड़ रुपये से निर्मित विजिलेंस व एंटी करप्शन ब्यूरो के आवासीय भवनों और चार करोड़ 42 लाख रुपये से बने उप–स्वास्थ्य केंद्र धरोग का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर मैडिकल कॉलेज में नेफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी विभाग खोले जाएंगे।

भाजपा–जयंती

प्रदेश में भाजपा द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज बूथस्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा 25 अप्रैल तक डॉक्टर आंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।

अनुराग–सिकंदर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांगड़ा ज़िले के देहरा व गगरेट विधानसभा क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रमों में आज बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने मानव कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया और उनके आदर्श पीढ़ियों तक प्रेरणा स्रोत रहेंगे। इस बीच हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में चलाई जा रही सांसद मोबाईल सेवा के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। आंबेडकर जयंती पर अनेक स्थानों पर आज सांसद मोबाईल सेवा के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, जिसमें लगभग 8 सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

दूसरी ओर राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने भी आज हमीरपुर के अणु में डॉक्टर भीम राव आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर ने कर गरीब, वंचित, दलित, महिला, मजदूर और किसान की आवाज को हर मंच पर बुलंद किया।

पांगी–उद्‌घाटन

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज पांगी घाटी के किलाड़ में करोड़ों रुपये की 14 विकास योजनाओं के उद्‌घाटन और शिलान्यास किए। इनमें लगभग 21 करोड़ रुपये से बने मिनी सचिवालय भवन किलाड़, पांच करोड़ 62 लाख रुपये से निर्मित आईटीआई भवन, किलाड़ में लगभग साढ़े 5 करोड़ रुपये से बने बस अड्‌डे और लगभग 20 करोड़ रुपये से निर्मित नागरिक अस्पताल का लोकार्पण भी शामिल है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास में धन की कमी को आढ़े नहीं आने दिया जाएगा।

बाद में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में दो सौ 50 किलोवॉट से एक मेगावाट तक के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर स्थानीय लोगों को राज्य सरकार पांच फीसदी ब्याज उपदान देगी। उन्होंने धरवास और लुंज में बनने वाले महिला मंडल भवनों के लिए 25–25 लाख रुपये देने का ऐलान भी किया।

हिमाचल दिवस

कल 78वां हिमाचल दिवस है। राज्य स्तरीय समारोह चम्बा जिले की दुर्गम पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। ज़िला स्तर पर भी हिमाचल दिवस समारोह आयोजित होंगे जहां राज्य सरकार के मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी शिमला पर अब से कुछ देर बाद 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा।

## अग्निशमन सप्ताह

प्रदेश में आज से अग्निशमन सप्ताह शुरू हो गया है, जो  से 20 अप्रैल तक चलेगा। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला के समीप बल्देयां से अग्निशमन सप्ताह का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि इस दौरान लोगों को आग से सुरक्षा के तरीकों और बचाव की जानकारी दी जाएगी।

## शिक्षा मंत्री

राष्ट्रीय ग्रेपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता आज छोटा शिमला में संपन्न हो गई। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ग्रेपलिंग खेल का अपना एक प्राचीन इतिहास है और राज्य सरकार इसे बढ़ावा देने के हर संभव प्रयास करेगी। रोहित ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

## कुलदीप राठौर

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप राठौर ने कहा है कि पार्टी बूथ स्तर पर अपने संगठन को मजबूत करेगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में हाल ही में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में संगठन की मजबूती को लेकर कई अहम फैसले लिए गए हैं। राठौर ने कहा कि हिमाचल की आर्थिकी में सेब का पांच हजार करोड़ रुपये का योगदान है और विदेशी सेब पर आयात शुल्क न बढ़ाने से सेब बागवानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सांसदों को सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने को लेकर केंद्र के समक्ष प्रमुखता से मांग रखनी चाहिए।